कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बस्ती।

संख्याः 57 / **नजारत/नीलामी नोटिस, दिनांकित 07.03.2025**

नीलामी नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, बस्ती में वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिये न्यायालय परिसर में स्थित निम्नलिखित फलदार वृक्षों के सार्वजनिक नीलामी हेतु **दिनांक 21.03.2025,** दिन शुक्रवार को सायं 04 बजे, जनपद न्यायालय बस्ती परिसर में स्थित वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में नीलामी समिति की देखरेख में सम्पन्न की जायेगी।

क्रम संख्या	**प्रस्तावित वृक्ष, जिसकी नीलामी होनी है**	**फलदार वृक्षों की संख्या**
01.	आम के वृक्ष	10
02.	कटहल के वृक्ष	02
03.	लीची के वृक्ष	01

उपरोक्त फलदार वृक्षों की नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/ठेकेदारों को निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा–

01. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को मु0 200.00 नकद प्रति फार्म की दर से नजारत कार्यालय से **दिनांक 10.03.25 से 18.03.25 तक** किसी भी कार्यालय दिवस में नीलामी फार्म प्राप्त करना होगा।

02. नीलामी में उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को नीलामी धनराशि पंद्रह दिवस के अंदर सम्पूर्ण धनराशि जमा करना होगा।

03. उपरोक्त फलदार वृक्षों की नीलामी में हिस्सा लेने हेतु आवेदक को जमानत राशि के रूप में **मु0 2000.00 रूपये** नकद प्रति फार्म की दर से नीलामी फार्म के साथ **दिनांक 19.03.25 एवं 20.03.25** में जमा करना होगा।

04. जमानत की राशि, ठेका की अवधि समाप्त होने के पश्चात वापस की जायेगी।

05. किसी भी व्यक्ति/ठेकेदार की नीलामी स्वीकृत करने, अस्वीकृत करने अथवा बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार, माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, बस्ती को होगा।

इस नोटिस/सूचना की छायाप्रतियां विस्तृत प्रचार–प्रसार हेतु केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, बस्ती के विभिन्न नोटिस बोर्डों, जिला अधिकारी बस्ती, पुलिस अधीक्षक बस्ती, विकास भवन, तहसील सदर, जिला सूचना अधिकारी, जिला योजन कार्यालय, बस्ती, प्रधान डाकघर, रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस्ती आदि समस्त राजकीय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायी जाये तथा जनपद न्यायालय, बस्ती के बेवसाइट पर अंकित कराया जाये।

अध्यक्ष नीलामी समिति
अति0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बस्ती।